**आकाशवाणी शिमला**

**04.02.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय को हर महीने की 7 तारीख तक जारी करने के दिए निर्देश।**
- **केंद्रीय मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को जलजीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं में वित्तीय सहायता की प्रदान।**
- **कांग्रेस ने केंद्रीय बजट में रैवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बयानबाजी करने का लगाया आरोप।**
- **देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी मनाली के समीप सोलंग नाला में शीतकालीन खेलों का ले रहे प्रशिक्षण।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय हर महीने की 7 तारीख तक जारी करने के निर्देश दिए, ताकि कर्मचारियों को अपने दैनिक खर्चों के निर्वहन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। शिमला में निगम के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की समय पर भुगतान व्यवस्था सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में निगम के कार्यों, वित्तीय स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने निगम की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में 31 दिसंबर, 2025 तक निगम ने एक सौ 99 करोड़ 25 लाख रुपये का कारोबार दर्ज किया है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने निविदाओं पर लागू तकनीकी शुल्क में संशोधन के निर्देश भी दिए।

इस बीच मुख्यमंत्री आज शिमला के कैथू में कोआपरेटिव बैंक के नवनिर्मित भवन व एटीएम का उद्घाटन करेंगे।

**हर्ष महाजन**

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को जलजीवन मिशन, बाढ़ प्रबंधन, कमांड एरिया विकास और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत बड़े स्तर पर वित्तीय सहायता प्रदान की है। राज्य सभा सांसद डॉक्टर हर्ष महाजन द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि जलजीवन मिशन के तहत वर्ष 2022–23 में हिमाचल को दो हजार 163 करोड़ 83 लाख जबकि 2023–24 में 9 सौ 50 करोड़ 52 लाख और 2024–25 में 2 सौ 28 करोड़ उपलब्ध करवाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके अलावा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023–24 में हिमाचल को 30 करोड़ 16 लाख रूपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है।

**नरेश चौहान/**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा नेता केंद्रीय बजट में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को लेकर केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। शिमला में पत्रकारों सें बातचीत में उन्होंने कहा कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद होने से हिमाचल प्रदेश को भारी नुकसान हुआ है। नरेश चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक विशेष दर्जा प्राप्त राज्य हैं, ऐसे में हिमाचल प्रदेश की मदद की जानी जरूरी है।

**चंबा ट्रैफिक**

चंबा जिला मुख्यालय में बढ़ते वाहनों के दबाव और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए चम्बा पुलिस ने एक अनूठी पहल की है। अब शहर की सड़कों पर पुलिस के साथ राजकीय महाविद्यालय चम्बा के एनएसएस स्वयंसेवी भी यातायात संभालेंगे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शुरू किए गए विशेष जागरूकता अभियान के तहत कुल 11 स्वयंसेवियों को विशेष प्रशिक्षण देने के बाद फील्ड में उतार दिया गया है। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि इन स्वयं सेवियों को प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करना और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाना है।

**इंदु गोस्वामी**

राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे मेक इन इंडिया को नई उडान मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैरिफ घटाने से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और देश में आर्थिक समृद्धि के नए युग का सूत्रपात होगा। इंदु गोस्वामी ने कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियां हैं और इस तरह के समझौते से भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते का हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को भी काफी लाभ मिलेगा।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 6 फरवरी को प्रसारित होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामंजस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया।

**शीतकालीन खेल**

कुल्लू जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली के समीप सोलंग नाला की स्की ढलानों में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी दिनों शीतकालीन खेलों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। **विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता**

**मौसम**

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीते दिनों हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में बारिश से अधिकतम तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से कल भी चोटियों पर हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से ठिठुरन एक बार फिर बढ़ गई है। बीते तीन दिनों में सामान्य से 129 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने किन्नौर और लाहौल स्पीति में आज हिमस्खलन की चेतावनी दी है जिसके चलते लोगों, पर्यटकों, ट्रैकर्स और वाहन चालकों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। विभाग ने आज व कल मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस बीच राज्य के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **एचआरटीसी बस खाई में गिरी, नेरवा के तीन लोगों की मौत, 28 घायल।**

**पंजाब केसरी** के अनुसार **मुख्यमंत्री सुक्खू के हस्तक्षेप के बाद सभी जिलों के डीसी ने मतदाता सूचियां की अधिसूचित।**

**<u>मुख्य समाचार'' एक बार फिर</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय को हर महीने की 7 तारीख तक जारी करने के दिए निर्देश।
- केंद्रीय मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को जलजीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं में वित्तीय सहायता की प्रदान।
- कांग्रेस ने केंद्रीय बजट में रैवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बयानबाजी करने का लगाया आरोप।

और

- देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी मनाली के समीप सोलंग नाला में शीतकालीन खेलों का ले रहे प्रशिक्षण।